प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 09.10.2025
समय : 09:00 ए.एम.

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर के बीच आज मुम्बई में वार्ता होगी।

- बीकानेर की महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में भारत और रूस के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास 'इंद्र–2025' आयोजित किया जा रहा है।

- बारां की अंता विधानसभा सीट पर उप चुनाव के लिए कांग्रेस ने प्रमोद जैन भाया को अपना उम्मीदवार बनाया ।

- राजस्थान लोक सेवा आयोग ने आरएएस मुख्य परीक्षा 2024 का परिणाम जारी किया–2 हजार 461 अभ्यर्थी साक्षात्कार के लिए सफल घोषित।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर के बीच आज मुम्बई में वार्ता होगी। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कल दो दिन की भारत यात्रा पर मुम्बई पहुंचे। वार्ता के दौरान दोनों नेता, विज़न–2035 के अनुरूप भारत–ब्रिटेन व्यापक रणनीतिक साझेदारी के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करेंगे। विज़न–2035 व्यापार और निवेश, प्रौद्योगिकी और नवाचार, रक्षा और सुरक्षा, जलवायु और ऊर्जा, स्वास्थ्य और शिक्षा और लोगों के बीच संपर्क जैसे कार्यक्रमों पर आधारित है। दोनों नेताओं की व्यापार और उद्योग प्रमुखों के साथ भी बातचीत होगी। श्री मोदी और श्री स्टार्मर आज मुम्बई में छठे ग्लोबल फिनटेन फेस्ट में भी भाग लेंगे। इस फेस्ट में दुनियाभर से नवाचार से जुड़े प्रमुख विशेषज्ञ, नीतिनिर्माता, नियामक, निवेशक, शिक्षाविद् और उद्योग प्रमुख शामिल होंगे।

केन्द्र सरकार ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के औषधि नियंत्रकों से दवाइयों के हर बैच के निर्माण और बाज़ार में जारी करने से पहले परीक्षण सुनिश्चित करने के उपाय करने को कहा है। स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय ने मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा में कथित तौर पर दूषित कफ सिरप से बच्चों की मौतों की हाल की घटनाओं के बाद यह निर्देश दिया है। सरकार ने दवा निर्माताओं को विश्वसनीय और अनुमोदित विक्रेताओं से ही कच्चा माल खरीदने को कहा है।

बीकानेर स्थित महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में भारत और रूस के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास 'इंद्र–2025' आयोजित किया जा रहा है। दोनो देशों के बीच सामरिक सहयोग और रक्षा साझेदारी बढाने की दिशा में शुरू हुआ यह अभ्यास 15 अक्टूबर तक चलेगा। इस दौरान दोनों देशों की सेनाएं आतंकवाद–रोधी अभियानों, संयुक्त युद्धाभ्यासों और सामरिक समन्वय को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित करेंगी। साथ ही दोनों देशों के सैनिक, संस्कृति, खेल और परंपराओं के स्तर पर भी एक–दूसरे से जुडेंगे। रक्षा सूत्रों के अनुसार, आने वाले वर्षों में इंद्र श्रृंखला को त्रिसेवा अभ्यास के रूप में विस्तारित करने की योजना है, जिसमें थल सेना, वायु सेना और नौसेना एक साथ भाग लेंगी।

आज विश्व डाक दिवस है। ये दिवस उन प्रयासों का जश्न मनाने का दिन है जो दुनियाभर के लोगों को जाडते है। ये पत्रों से लेकर पार्सलों तक, भरोसा, गति और विश्वसनियता को समर्पित दिन है। इस वर्ष की थीम है –टिकाउ भविष्य के लिये डाक सेवायें। विश्व डाक दिवस पर प्रदेशभर में कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। जैसलमेर में डाक सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। हमारे संवाददाता ने बताय कि 10 अक्टूबर तक चलने वाले इस सप्ताह के दौरान कई गतिविधियां आयोजित की जा रही है। साथ ही लोगों को डाक सेवाओं की जानकारी दी जा रही है।

.....

बारां की अंता विधानसभा सीट पर उप चुनाव के लिए कांग्रेस ने प्रमोद जैन भाया को अपना उम्मीदवार बनाया है। ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी की ओर से कल जारी की गई प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रमोद जैन भाया के नाम पर मोहर लगा दी है। पार्टी प्रत्याशी बनाये जाने पर बारां में कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर देखी गई। गौरतलब है कि उप चुनाव के लिए अधिसूचना 13 अक्टूबर को जारी होगी। नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 20 अक्टूबर रहेगी। मतदान 11 नवंबर को और मतगणना 14 नवंबर को होगी।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के नेतृत्व में भारतीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने 68वें राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में भाग लिया। बारबाडोस के ब्रिजटाउन में आयोजित ये सम्मेलन 12 अक्टूबर तक चलेगा। श्री बिरला राष्ट्रमंडलः एक वैश्विक साझेदार विषय पर सभा को संबोधित करेंगे, जिसमें लोकतांत्रिक मूल्यों, समावेशी शासन और वैश्विक संसदीय सहयोग के प्रति भारत की प्रतिबद्धता का उल्लेख होगा। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी भी सम्मेलन में भाग ले रहे है।

पाली में आज से प्रांतीय गणित मेला आयोजित किया जा रहा है। दो दिन चलने वाले इस मेले में विद्यार्थी अपने गणितीय मॉडल और नवाचार प्रस्तुत करेंगे। हमारे संवाददाता ने बताया कि इस दौरान गणित के महत्व के बारे में बताया जाएगा।

.....

राजस्थान लोक सेवा आयोग ने आरएएस मुख्य परीक्षा 2024 का परिणाम जारी कर दिया है। आयोग के सचिव रामनिवास मेहता ने बताया कि साक्षात्कार के लिए अस्थायी रूप से 2 हजार 461 अभ्यर्थियों को सफल घोषित किया गया है। इस बारे में विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। गौरतलब है कि 2 सितंबर, 2024 को राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं भर्ती–2024 का विज्ञापन जारी किया गया था। इसके तहत कुल 1 हजार 96 पदों पर भर्ती के लिए प्रारंभिक परीक्षा इस साल 2 फरवरी को हुई। इसका परिणाम 20 फरवरी को जारी किया गया। प्रारंभिक परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों ने 17 और 18 जून को मुख्य परीक्षा दी थी।

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो–सीबीआई ने डिजिटल अरेस्ट से जुड़ी धोखाधड़ी के मामले में राजस्थान सहित दिल्ली–एनसीआर, हरियाणा, गुजरात, केरल और पश्चिम बंगाल में लगभग 40 स्थानों पर तलाशी ली है। सीबीआई ने ऑपरेशन चक्र–5 के अंतर्गत यह तलाशी अभियान चलाया। कार्रवाई के दौरान, घरेलू नेटवर्क का पर्दाफाश किया गया है। इसी कडी में जयपुर में साइबर थाना पुलिस ने एक 75 वर्षीय बुजुर्ग से साढे 23 लाख रुपये की ठगी करने वाले संगठित गिरोह के सक्रिय सदस्य को गिरफ्तार किया।

आई.सी.सी. महिला एकदिवसीय क्रिकेट विश्व कप में आज भारत का मुकाबला दक्षिण अफ्रीका से होगा। विशाखापत्तनम में यह मैच दोपहर तीन बजे से शुरू होगा। प्रतियोगिता में कल ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान को 107 रन से हराया।

देशभर में आज से तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 शुरू हो रहा है। शिक्षा मंत्रालय और स्वास्थ्य तथा परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से शुरू किये जा रहे इस अभियान का उद्देश्य देश में तंबाकू मुक्त पीढ़ी के सपने को साकार करना है।